महिला अध्ययन केन्द्र दुवासू मथुरा द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

महिला अध्ययन केन्द्र, दुवासू मथुरा द्वारा 24—12—2021 को 30 से अधिक महिलाओं को डेरी प्रक्षेत्र में स्थित बकरी फार्म, मुर्गा फार्म एंव केचुआ/वर्मीकम्पोस्ट इकाई का भ्रमण करवाया गया तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। इस भ्रमण एवं प्रशिक्षण का आयोजन डा0 अर्चना पाठक आचार्य एवं सहायक आचार्य डा0 बरखा शर्मा द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त सहायक आचार्य डा0 मीना गोस्वामी, डा0 रश्मि एवं डा0 ममता ने भी इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम डा0 मुकुल आनंद, सहायक आचार्य एवं पी0 आई0, बकरी फार्म द्वारा महिलाओं को बकरियों की उपयोगिता के वारे में संम्पूर्ण जानकारी देते हुए पूरे बकरी फार्म का भ्रमण कराया गया। तदोपरान्त डा0 आर के राजपूत, वैज्ञानिक, के0 वी0 के0 दुवासु, मथुरा द्वारा महिलाओं को वर्मीकम्पोस्ट को बनाने हेतु तथा उसके लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मुगी फार्म पर डा0 अभिताभ भट्टाचार्य सहायक आचार्य एवं डा0 मनीष कुमार, फार्म इचार्ज पोल्ट्री द्वारा महिलाओं को मुर्गीपालन के बारे में जानकारी दी गई एवं फार्म का भ्रमण करवाया गया। उक्त कार्यक्रम के माध्यम द्वारा महिलाओं को धर मे रहते हुए भी वकरी एंव मुर्गी पालन के जरिए आय पैदा करके स्वालबी बनने की प्रेरणा दी गई। वर्मीकम्पोस्ट वनाने की विधि द्वारा प्रतिभागी महिलाओं को दिखाया गया कि धर की रसोई से निकले कूडे से मूल्यवान खाद कैसे बनती है जो कि उनके लिए एक बहुत ही अच्छी और लाभकारी जानकारी थी। इन समस्त गतिविधियों में सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आयोजकों के लिए अपना आभार प्रकट किया। विभिन्न गतिविधियों के कार्यान्वाहन में श्रीमती ममता (लैब टेक्नीशियन) ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

अर्चना पाठक,
कार्यक्रम समन्वयक,
आचार्य एवं विभागाध्यक्ष,
शरीर रचना विज्ञान विभाग,

डा0 मुकुल प्रभारी बकरी फार्म दुवासु द्वारा महिलाओं को बकरी फार्म का भ्रमण् कराते हुए एवं जानकरी देते हुए।

डा0 आर0 के0 राजपूत विषय विशेषज्ञ के0 वी0 के दुवासु मथुरा द्वारा महिलाओं को आर्गेनिक खेती के बारे मे जागरूक करते हुए।

डा0 आर0 के0 राजपूत विशय विषेशज्ञ के0 वी0 के दुवासू मथुरा द्वारा महिलाओं को तैयार वर्मीकमपोस्ट दिखाते हुए।

महिलाओं द्वारा मुर्गी फार्म का भ्रमण

डा0 अर्चना पाठक, आचार्य द्वारा महिलाओं को स्वालंबी बनने हेतु मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं वर्मीकमपोस्ट का महत्व बताते हुए।

डा0 मुकुल प्रभारी बकरी फार्म द्वारा बकरी पालन का जीवन में महत्व के बारे में जानकारी देते हुए।

डा0 मुकुल, प्रभारी बकरी फार्म द्वारा महिलाओं को बकरी पालन हेतु जानकारी देते हुए।

डा0 मुकुल, प्रभारी द्वारा महिलाओं बकरी पालन सम्बन्धित प्रश्नो के उत्तर देते हुए।

डा0 आर0 के0 राजपूत विषय विशेषज्ञ के0 वी0 के दुवासू मथुरा द्वारा महिलाओं को वर्मीकमपोस्ट बनाने की तकनीक बताते हुए।